WEST BENGAL STATE UNIVERSITY

B.A. Honours 5th Semester Examination, 2021-22

HINADSE03T-HINDI (DSE1/2)

Time Allotted: 2 Hours | Full Marks: 50

The figures in the margin indicate full marks.
Candidates should answer in their own words and adhere to the word limit as practicable.

1. निम्नलिखित प्रश्नों के वस्तुनिष्ठ उत्तर दीजिए – 1×5 = 5

(क) माखनलाल चतुर्वेदी को किस रचना पर साहित्य अकादमी पुरस्कार प्राप्त हुआ ?

(ख) द्विवेदीकाल में 'हरिगीतिका छंद का बादशाह' किस कवि को कहा जाता था ?

(ग) 'इतिहास के आँसू' किसकी रचना है ?

(घ) माखनलाल चतुर्वेदी कृत 'हिमतरंगिनी' का प्रकाशन वर्ष बताइए।

(ङ) आधुनिक युग का तुलसी के रूप में कौन प्रसिद्ध हैं ?

2. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 5×3 = 15

(क) आरती लिये तू किसे ढूँढता है मूरख
मंदिरों, राजप्रासादों में, तहखानों में
देवता कहीं सड़कों पर मिट्‌टी तोड़ रहे
देवता मिलेंगे खेतों में खलिहानों में।

(ख) हुई न यों सु-मृत्यु तो वृथा मरे, वृथा जिये,
मरा नहीं वही कि जो जिया न आपके लिए।
यही पशु-प्रवृत्ति है कि आप आप ही चरे
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।

(ग) सम्प्रति कहाँ क्या हो रहा है, कुछ न उनको ज्ञान है।
है वायु कैसी चल रही, इसका न कुछ भी ध्यान है।
मानो भुवन से भिन्न उसका, दूसरा ही लोक है।
शशि सूर्य है फिर भी कहीं, उनमें नहीं आलोक है।

(घ) मुझे तोड़ लेना वनमाली,
उस पथ पर देना तुम फेंक।
मातृ-भूमि पर शीश चढ़ाने,
जिस पथ पर जावें वीर अनेक।

3. ''माखनलाल चतुर्वेदी एक प्रखर संवेदनशील कवि हैं।''— कथन की सार्थकता पर सोदाहरण प्रकाश डालिए। 15

अथवा

राष्ट्रीय काव्यधारा का परिचय देते हुए मैथिलीशरण गुप्त के अवदान का स्थान निर्धारित कीजिए।

4. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य में चित्रित युगबोध एवं समसामयिकता पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

दिनकर की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

N.B. : *Students have to complete submission of their Answer Scripts through E-mail / Whatsapp to their own respective colleges on the same day / date of examination within 1 hour after end of exam. University / College authorities will not be held responsible for wrong submission (at in proper address). Students are strongly advised not to submit multiple copies of the same answer script.*

——×——